बी0ए0 द्वितीय वर्ष परीक्षा 2019–20

हिन्दी साहित्य

प्रथम प्रश्न–पत्र

## हिन्दी नाटक, निबंध तथा स्फुट गद्य– विधाएँ

नोट : यह प्रश्न–पत्र तीन घण्टे की अवधि एवं 100 अंकों का होगा।

निर्धारित पाठ्य पुस्तकें :

**1. अजातशत्रु** : जयशंकर प्रसाद

**2. चेतना का संस्कार** : (सं0) डॉ0 विश्वनाथप्रसाद तिवारी, सदानन्द गुप्त, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली

**3. प्रतिनिधि एकांकी संकलन** : (सं0) डॉ0 लक्ष्मीनारायण लाल, पीताम्बर पब्लिशिंग कम्पनी, नई दिल्ली

इकाई 1 **अजातशत्रु** : जयशंकर प्रसाद

इकाई 2 **चेतना का संस्कार** : **(निर्धारित निबंध) –** 'होली है' – प्रतापनारायण मिश्र, 'बनाम लार्ड कर्जन' – बालमुकुन्द गुप्त ,'श्रद्धा–भक्ति' – रामचन्द्र शुक्ल, 'अशोक के फूल' – हजारीप्रसाद द्विवेदी ,'मेरे राम का मुकुट भीग रहा है' – विद्यानिवास मिश्र (कुल पाँच)

इकाई 3 **प्रतिनिधि एकांकी संकलन**

इकाई 4 **द्रुतपाठ हेतु निर्धारित गद्यकार** :
(1) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (2) महावीर प्रसाद द्विवेदी (3) सरदार पूर्ण सिंह

इकाई 5 **द्रुतपाठ हेतु निर्धारित गद्यकार** :
(1) राहुल सांकृत्यायन (2) रामवृक्ष बेनीपुरी (3) शरद जोशी

प्रश्न एवं अंक – विभाजन :

खण्ड (क) प्रत्येक इकाई से दो–दो (कुल दस) लघूत्तरी प्रश्न (शब्द सीमा 30 शब्द)
10x2 = 20 अंक

खण्ड (ख) इकाई एक, दो, तीन में निर्धारित पाठ्य पुस्तकों से विकल्प सहित एक–एक (कुल तीन) व्याख्या, इकाई चार, पाँच में निर्धारित गद्यकारों से विकल्प सहित एक–एक (कुल दो) टिप्पणी परक प्रश्न (शब्द सीमा 250 शब्द) 5x7=35 अंक

खण्ड (ग) इकाई एक, दो, तीन में निर्धारित पाठ्य कृतियों/कृतिकारों से पाँच आलोचनात्मक प्रश्न पूछे जायेंगे, जिनमें से किन्हीं तीन के उत्तर देने होंगे।
(शब्द सीमा 500 शब्द) 3x15=45 अंक

सहायक पुस्तकें :

प्रसाद के नाटकों का शास्त्रीय अध्ययन – जगन्नाथ शर्मा
प्रसाद की नाट्यकला : रामकृष्ण शुक्ल 'शिलीमुख'
हिन्दी निबन्ध का विकास : ओंकारनाथ शर्मा
हिन्दी के प्रमुख निबंधकार रचना और शिल्प : गणेश खरे
हिन्दी एकांकी : सिद्धनाथ कुमार
राहुल सांकृत्यायन : सृजन और संघर्ष : उर्मिलेश

<u>बी0ए0 द्वितीय वर्ष परीक्षा 2019–20</u>

हिन्दी साहित्य

द्वितीय प्रश्न–पत्र

## हिन्दी भाषा और साहित्य का इतिहास

नोट : यह प्रश्न–पत्र तीन घण्टे की अवधि एवं 100 अंकों का होगा।

इकाई 1 : **हिन्दी भाषा**–हिन्दी की मूल आकर भाषाएँ–संस्कृत, पालि, प्राकृत, अपभ्रंश का परिचय, विशेषताएँ। हिन्दी का उद्भव और विकास। हिन्दी और उसकी बोलियों का सामान्य परिचय।

इकाई 2 : **हिन्दी भाषा के विविध रूप**–बोलचाल की भाषा, राजभाषा, रचनात्मक भाषा, राष्ट्र भाषा, सम्पर्क भाषा, संचार भाषा।
हिन्दी का शब्द भण्डार–तत्सम, तद्भव, देशज, आगत शब्दावली। देवनागरी लिपि : उद्भव–विकास एवं मानक – रूप ।

इकाई 3 : **हिन्दी साहित्य का इतिहास**–आदिकाल–सीमांकन, नामकरण। परिस्थितियाँ, आदिकालीन साहित्य का वर्गीकरण, प्रमुख काव्यधाराओं का परिचय एवं वैशिष्ट्य, विशिष्ट रचनाकारों का सामान्य परिचय।

इकाई 4 : **भक्तिकाल**– सामाजिक, राजनीतिक, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि, सन्तकाव्य, सूफी काव्य, रामभक्ति काव्य, कृष्णभक्ति काव्य धाराओं की प्रमुख काव्य–प्रवृत्तियाँ। विशिष्ट रचनाकारों का सामान्य परिचय।
**रीतिकाल**–नामकरण, रीतिकालीन काव्य की प्रवृत्तियाँ एवं विशेषताएँ। प्रमुख रचनाकार।

इकाई 5 : **आधुनिक काल**–पृष्ठभूमि, भारतेन्दु युग, द्विवेदी युग, छायावाद, प्रगतिवाद, प्रयोगवाद, नई कविता की काव्य–प्रवृत्तियाँ एवं विशेषताएँ।
**प्रमुख गद्य विधाओं**–निबन्ध, नाटक, एकांकी, उपन्यास, कहानी एवं आलोचना का उद्भव एवं विकास

<u>प्रश्न एवं अंक–विभाजन</u>

| | | |
|---|---|---|
| खण्ड (क) | प्रत्येक इकाई से दो–दो (कुल दस) लघूत्तरी प्रश्न (शब्द सीमा 30 शब्द) | 10x2=20 अंक |
| खण्ड (ख) | प्रत्येक इकाई से विकल्प सहित एक–एक (कुल पाँच) टिप्पणी परक प्रश्न (शब्द सीमा 250 शब्द) | 5x7=35 अंक |
| खण्ड (ग) | प्रत्येक इकाई से एक–एक आलोचनात्मक प्रश्न पूछा जायेगा, जिनमें से किन्हीं तीन के उत्तर देने होंगे। (शब्द सीमा 500 शब्द) | 3x15=45 अंक |

<u>सहायक पुस्तकें –</u>

हिन्दी भाषा का इतिहास : लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय
हिन्दी भाषा का उद्गम और विकास : उदयनारायण तिवारी
हिन्दी साहित्य का सुबोध इतिहास : गुलाबराय
हिन्दी साहित्य का इतिहास : लक्ष्मीसागर वार्ष्णेय